Australian Government

FACT SHEET

Western Sydney Airport

पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डा संक्षिप्त विवरण

पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डे की आवश्यकता क्यों है

अगले 20 सालों में सिडनी क्षेत्र में उड़ानों की माँग दोगुनी हो जाने का अनुमान है। सिडनी का किंग्सफर्ड हवाई-अड्डा अकेले इस माँग को पूरा नहीं कर सकता।

पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डा निर्माण कार्य

ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डे के आरंभ के लिए, एक कॉमनवैल्थ कंपनी, डब्ल्यूएसए को. के माध्यम से, मालिकाना हितों के तौर पर अगले 10 सालों में 5.3 बिलियन डॉलर्स उपलब्ध कराने का वचन दिया है। निर्माण कार्य शुरु हो चुका है और हवाई-अड्डे को सन् 2026 में चालू करने की तैयरियाँ योजानुसार चल रही हैं।

चालू होने के पहले ही दिन से यह हवाईअड्डा समस्त सुविधाओं से युक्त होगा और देशीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय यात्रियों के साथ-साथ माल ढुलाई सेवाओं की ज़रुरतें पूरी करने में सक्षम होगा। चालू होने के समय यह एक हवाई पट्टी वाला होगा और इसमें 10 मिलियन यात्रियों की सुचारु रुप से आवाजाही के लिए सुविधायें उपलब्ध होंगी।

माँग में वृद्धि के साथ-साथ, पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डे का विकास अलग-अलग चरणों में किया जाएगा। अनुमान है कि शुरु में यह हवाई-अड्डा प्रतिवर्ष पाँच मिलियन यात्रियों की सुचारु रुप से आवाजाही में सक्षम होगा, सन् 2031 के आस-पास यह क्षमता प्रति वर्ष 10 मिलियन यात्रियों की हो जाएगी। जब जरुरत होगी तब एक अन्य हवाई पट्टी बना दी जाएगी।

अनुमान है कि सन् 2063 तक, यह हवाई-अड्डा वार्षिक रुप से लगभग 82 मिलियन यात्रियों की सुचारु रुप से आवाजाही में सक्षम हो जाएगा।

परियोजना की सुपुर्दगी

डब्ल्यूएसए को. द्वारा पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डे का निर्माण तथा संचालन किया जाएगा। हवाई-अड्डे का नियमन करना और यह सुनिश्चित करना सरकार का काम होगा कि यह परियोजना रचनात्मकता और पर्यावरण की सभी आवश्यक शर्तों को पूरा करे। उड़ान मार्ग की डिजाइन, सड़क तथा रेल संयोजन और जैव-विविधता की जिम्मेदारी सरकार की बनी रहेगी।

डब्ल्यूएसए को.	ऑस्ट्रेलियाई सरकार
पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डे की डिजाइन	उड़ान मार्ग की डिजाइन और पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डा विचार गोष्ठी (एफओडब्ल्यूएसए)
स्थल पर निर्माण	परिवहन संयोजन
हवाई-अड्डा व्यवसाय	नियमन संबंधी स्वीकृतियाँ
रोजगार लक्ष्य	जैव विविधता

संचालन

बेहतर नियोजन से यह सुनिश्चत हो सका है कि हवाई-अड्डे के चारों तरफ की भूमि लगभग 30 सालों तक शहरी विकास से बची रहे। पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डे की हवाई पट्टी के अंतिम छोर से निर्मित क्षेत्र की दूरी 10 किलोमीटर से भी अधिक होगी। सिडनी हवाई-अड्डे से, निकटतम निर्मित क्षेत्र की दूरी एक किलोमीटर से भी कम है। इस सुरक्षित स्थान के होने से सिडनी हवाई-अड्डे पर संचालन कार्य बिना किसी कर्फ्यू के हो सकेगा, जिससे 24/7 जुड़ाव, अधिक नौकरियाँ तथा और अधिक आर्थिक लाभ सुनिश्चित हुआ है।

पश्चिम सिडनी हवाई अड्डा संयोजन

सड़क व रेल से अच्छा जुड़ाव होने से यह हवाई-अड्डा अपनी संपूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकेगा। ऑस्ट्रेलियाई तथा न्यू साउथ वेल्स की सरकारें 3.6 बिलियन डॉलर्स की लागत वाली पश्चिम सिडनी आधारभूत संरचना योजना के अन्तर्गत नई सड़के बनवा रही हैं और वर्तमान सड़कों में सुधार किया जा रहा है। सुधार का यह काम तेज़ी से चल रहा है और इससे हवाई-अड्डा स्थल के आसपास यातायात गतिरोध को कम करने में सहायता मिलेगी।

इन सरकारों ने पश्चिम सिडनी की सहायता के लिए एक दीर्घ-कालीन रेल नेटवर्क योजना को भी स्वीकृति दी है। इसमें स्कोफील्ड से मैक्आर्थर तक नॉर्थ साउथ रेल लिंक भी शामिल है। दोनों सरकारें इस बात के प्रति वचनबद्ध हैं कि सन् 2026 में जब यह हवाई-अड्डा खुले तो इसके लिए रेल संपर्क तैयार हो और इसीलिए, इस नेटवर्क के प्रथम चरण में सेंट मेरीज़ को पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डे से जोड़ा जाएगा। आने वाले महीनों में, एक बिजनस केस के अन्तर्गत संपूर्ण नॉर्थ साउथ लिंक के मार्ग तथा स्टेशन जगहों को अंतिम रुप दिया जायेगा।

नौकरियाँ

पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डा इसके निर्माण और संचालन, दोनों ही समय एक विशाल रोजगार उपलब्ध कराने वाला होगा। यह निवेश तथा रोजगार उन्नति के लिए दीर्घ-कालीन रोजगार अवसर उपलब्ध कराने वाला मुख्य स्त्रोत होगा।

निर्माण तथा संचालन दोनों के समय, पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डा सामान उठाने वाले, जमीनी कर्मचारियों तथा इंजिनियरों के साथ-साथ सहायक उद्योगों जैसे कि सुरक्षा, केटरिंग, खुदरा बिक्री, भण्डारण, प्रबंधन, संचार, तथा सूचना तकनीक सहित, विभिन्न स्तरों और योग्यताओं के लिए विभिन्न प्रकार की नौकरियों को प्रोत्साहन देगा।

जैव विविधता

ऑस्ट्रेलियाई सरकार पश्चिम सिडनी में प्राकृतिक संरक्षण और जैव विविधता संबंधी क्रिया-कलापों के लिए लगभग 180 मिलियन डॉलर्स का निवेश कर रही है।

इसमें हवाई-अड्डे की बैजरी क्रीक से लगती सीमा पर 117-हैक्टेयर में फैले पर्यावरण संरक्षण ज़ोन की सुरक्षा शामिल है।

जैव विविधता ऑफ्सैट्स, पश्चिम सिडनी हवाई-अड्डे के निर्माण और संचालन के लिए रखी गईं 40 कठोर शर्तों में से एक है।